न्यायालय उपखण्ड अधिकारी घाटोल जिला बांसवाडा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – श्री दिनेश कुमार मण्डोवरा आरएएस

मुकदमा नं. 40 / 2019

प्रार्थी – विक्रम पिता सरजित सिंह जाति चौधरी जाट निवासी बंचेर
तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा

बनाम

अप्रार्थी – तहसीलदार, तहसील गनोडा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआर एक्ट

निर्णय

दिनांक 31.07.2019

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र 136 एलआर एक्ट का पेश कर निवेदन किया वाके ग्राम नागदला प.म. चन्दूजी का गडा, तह. गनोडा, जिला बांसवाडा की खाता संख्या 284 पूराना खाता संख्या 254 कुल खसरा नम्बर 1 कुल रकबा 2.52 हैक्टर लगान 35.28 रूपये पर प्राथी काबिज होकर काश्त कर रहा है।

ग्राम नागदला की पूरानी जमाबन्दी सम्वत 2043–46 के खाता संख्या 138 पूराना खाता संख्या 45 / 12 में खातेदार श्री सरजित सिंह पिता बीरबल सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा दर्ज है लेकिन सहवन से मिसल बन्दोबस्त सम्वत 2055 में श्री सरजित सिंह पिता बलवीर सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा अंकित हो गया। वर्तमान जमाबन्दी सम्वत 2072–75 के खाता संख्या 284 पूराना खाता संख्या 254 में भी श्री सरजित सिंह पिता बलवीर सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा दर्ज रिकार्ड है।

पटवारी हल्का चन्दुजी का गडा की रिपोर्ट तथा तहसीलदार गनोडा की अनुशंसा रिपोर्ट में श्री सरजित सिंह पिता बलवीर सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा के बजाय श्री सरजित सिंह पिता बीरबल सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा सहमति प्रदान की।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं वाके ग्राम नागदला प.म. चन्दुजी का गडा, तह. गनोडा, जिला बांसवाडा में खाता संख्या 284 नया 254 पूराना कूल खसरा नं. 1 कुल क्षेत्रफल 2.52 हैक्टर लगान 35.28 रूपया सम्वत 2072–75 में प्रार्थी श्री सरजित सिंह पिता बलवीर सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा के स्थान पर श्री सरजित सिंह पिता बीरबल सिंह चौधरी जाट निवासी बंचेर तह. डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा एवं विजय कुमार पिता ठाकरराम जाट नि. बांसवाडा करने के आदेश दिये जाते है एवं तहसीदार गनोडा को उक्त आदेश का पालन कर अमलदरामद कर रिपोर्ट पेश करें।

पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
घाटोल